# गणपति राखो मेरी लाज-चंचल

गणपति राखो मेरी लाज-चंचल
======================
( सदा भवानी दाहिनी, सिद्धि करे गणेश,
पांचो देव रक्षा करें, ब्रह्मा विष्णु महेश। )

"गणपति राखो, मेरी लाज" ॥
*पूर्ण कीजो, मेरे काज x॥,,,
"गणपति राखो, मेरी लाज" ॥ -॥

*सदा रहे खुशहाल, गणपति लाल,
जो प्रथमें "तुम्हे ध्याए"* ।
*रिद्धि सिद्धि के दाता, ओ भाग्य विधाता,
वो तुमसे "सब कुछ पाए"* ॥
*विनती सुनलो, मेरी आज, x॥,,,
"गणपति राखो, मेरी लाज"
*हो पूर्ण कीजो, मेरे काज x॥,,,
"गणपति राखो, मेरी लाज"

*कभी ना टूटे आस, मेरा विश्वाश,
मैं आया "शरण तुम्हारी"* ।
हे शम्भू कैलाश, प्रभु कृपाल,
तेरी है "महिमा न्यारी"* ॥
*तेरी दया का, मैं मोहताज, x॥,,,
"गणपति राखो, मेरी लाज"
*पूर्ण कीजो, मेरे काज x॥,,,
"गणपति राखो, मेरी लाज"

*मूर्ख को दे ज्ञान, सभा में मान,
हो निर्बल "भी बलशाली"* ।
*गौरी पुत्र प्यारे, जगत से न्यारे
है तेरी "शान निराली"* ॥
*तीन लोक में, तुमरा राज़, x॥,,,,
"गणपति राखो, मेरी लाज"
*हो पूर्ण कीजो, मेरे काज x॥,,,
"गणपति राखो, मेरी लाज"

*जिसके सर पे हाथ, हो तेरा नाथ,
उसे फिर "कैसा डर है"* ।
*जपे जो तेरा नाम, सुबह और शाम,
तो उसका "नाम अमर है"* ॥
*सब देवों के, तुम सरताज, x॥,,,
"गणपति राखो, मेरी लाज"

*हो पूर्ण कीजो, मेरे काज xll,,,
"गणपति राखो, मेरी लाज"
अपलोडर- अनिलरामूर्तिभोपाल

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/20774/title/ganpati-rakho-meri-laaj--chanchal

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |